समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# LPG e-KYC अनिवार्य: घर बैठे करे प्रक्रिया, नहीं तो बंद हो सकती है गैस सब्सिडी

Sanket Morankar Published on 17 Mar 2026




घरेलू एलपीजी (LPG) उपभोक्ताओं के लिए एक अहम अपडेट सामने आया है। पेट्रोलियम मंत्रालय ने अब e-KYC प्रक्रिया को अनिवार्य कर दिया है। यदि उपभोक्ता समय पर यह प्रक्रिया पूरी नहीं करते हैं, तो उन्हें मिलने वाली गैस सब्सिडी प्रभावित हो सकती है।

सरकार का कहना है कि e-KYC के जरिए उपभोक्ताओं की पहचान सत्यापित की जाएगी, जिससे पारदर्शिता बढ़ेगी और सही लाभार्थियों तक सब्सिडी पहुंचेगी। खास बात यह है कि अब इस प्रक्रिया के लिए गैस एजेंसी के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं है।

घर बैठे करें e-KYC

अब उपभोक्ता अपने मोबाइल फोन के जरिए आसानी से e-KYC पूरी कर सकते हैं। इसके लिए संबंधित गैस कंपनी के आधिकारिक ऐप का उपयोग करना होगा।

Indian Oil Corporation (Indane),
Bharat Petroleum (Bharat Gas)
और Hindustan Petroleum (HP Gas)
के ग्राहक अपने-अपने ऐप के माध्यम से यह प्रक्रिया कुछ ही मिनटों में पूरी कर सकते हैं।

इसके अलावा UMANG ऐप का भी उपयोग किया जा सकता है।

e-KYC करने की पूरी प्रक्रिया

e-KYC करना बेहद आसान है। नीचे दिए गए स्टेप्स को फॉलो करके आप इसे घर बैठे पूरा कर सकते हैं:

1. सबसे पहले अपनी गैस कंपनी का आधिकारिक मोबाइल ऐप या UMANG ऐप डाउनलोड करें।

2. अपने रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर से लॉगिन करें।
3. ‘e-KYC’ या ‘आधार प्रमाणीकरण’ विकल्प पर क्लिक करें।
4. Aadhaar FaceRD ऐप की मदद से फेस ऑथेंटिकेशन करें।
5. कुछ ही सेकंड में आपकी पहचान सत्यापित हो जाएगी और प्रक्रिया पूरी हो जाएगी।

यदि कोई उपभोक्ता ऑनलाइन प्रक्रिया नहीं कर पाता है, तो वह नजदीकी गैस एजेंसी में जाकर भी KYC पूरा कर सकता है।

e-KYC क्यों है जरूरी ?

सरकार के अनुसार, e-KYC प्रक्रिया पूरी करने से यह सुनिश्चित होता है कि सब्सिडी केवल पात्र उपभोक्ताओं को ही मिले। इससे फर्जी कनेक्शन और गलत लाभ लेने की संभावनाएं कम होती हैं।

LPG की आपूर्ति पर क्या स्थिति ?

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि महाराष्ट्र सहित देश में घरेलू LPG की कोई कमी नहीं है। रोजाना की मांग को पूरा करने के लिए उत्पादन बढ़ाया गया है और पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है।

इसके साथ ही अस्पतालों, स्कूलों के मिड-डे मील, आश्रमशालाओं और सामुदायिक रसोई जैसी आवश्यक सेवाओं को प्राथमिकता के आधार पर गैस उपलब्ध कराई जा रही है।

घबराने की जरूरत नहीं

सरकार ने नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें। LPG, पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है और सभी जरूरतों को पूरा किया जा रहा है।

यदि आप LPG उपभोक्ता हैं, तो जल्द से जल्द e-KYC प्रक्रिया पूरी कर लें। यह न केवल आपकी सब्सिडी जारी रखने के लिए जरूरी है, बल्कि भविष्य में किसी भी प्रकार की सेवा बाधा से बचने के लिए भी महत्वपूर्ण है।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.